बताने की कृपा करेंगे कि वन उत्पादों का व्यापार करने वाले व्यापारियों तथा बिचौलियों के शोषण से आदिवासियों को बचाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुमति ओरांव) : आदिवासी विकास व वन राज्य सचिवों तथा आदिवासी विकास सहकारी निगमों/वन विकास निगमों के प्रबन्ध निदेशकों के 23-24 जून, 1988 को हुए सम्मेलन की सिफारिशों के अनुसरण में ट्राइफेड ने, आदिवासियों को यथाशक्य ऊंचे दाम (जिन पर ट्राइफेड उनका माल उठाने पर राजी हो) दिलाने के उद्देश्य से प्रकीर्ण वन्य उत्पादों के विपणन में राज्य संघों की मदद के लिए कई कदम उठाए हैं, ताकि बिचौलियों और आढ़तियों द्वारा आदिवासियों का शोषण न हो सके। ट्राइफेड ने बहुत से प्रकीर्ण वन्य उत्पादों व कृषि उपज की जिंसों के अपने सामान क्रय-मूल्य निर्धारित किए हैं ।

2 संघ ने अपनी स्थापना के पहले वर्ष में जिन्स साल बीज, गोंद-कतीरा, हड़, नीजर बीज, बड़ी इलायची, रीठा, काजू व लाख एम एफ पी/एस ए पी की आठ जिंसों का व्यापार किया। ट्राइफेड द्वारा नियत ज्यादातर जिंसों के क्रय मूल्य गत वर्ष के मुकाबले ऊंचे थे ।

3 आदिवासियों को उनकी उपजों के उचित एवं पर्याप्त मूल्य दिलाने के उद्देश्य से ट्राइफेड, उपजों के विपणन में अपने कार्यकलापों में और तेजी ला रहा है। मध्य प्रदेश के बस्तर जिले के आदिवासियों से इमली व काजू मध्य प्रदेश सरकार को बिकवाने के लिए ट्राइफेड राज्य सरकार से बातचीत कर रहा है। ट्राइफेड ने चालू वर्ष में अरुणाचल प्रदेश के आदिवासियों से सरसों की सीधी खरीद की व्यवस्था की है ।

डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्टस क्लब के शेड का तोड़ा जाना

2562. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्टस क्लब के उस शेड को तोड़ दिया है जो प्राधिकरण ने कुछ वर्ष पूर्व बनाया था ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) यह शेड कब बनाया गया था और कितनी लागत पर, कितनी; और

(घ) क्या डेमोलीशन स्क्वाड ने हाल ही में बनी बहुउद्देशीय व्यायामशाला और मूल्यवान उपकरणों को तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा को भी तोड़ दिया;

(ङ) क्या यह भी सच है कि दिल्ली नगर निगम ने हाल में इस क्लब के लिए शौचालयों का निर्माण किया था ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि इसने कुछ अनधिकृत निर्माणों को गिराया है जो पार्क के उपयोग के लिए उद्दिष्ट क्षेत्र पर निर्मित किए गए थे। तथापि, निर्माणों को गिराने के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण के बागवानी के कर्मचारियों ने दिसम्बर, 1984 में 29705 रुपये की लागत से दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित शेड को भी गिराया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा को नष्ट नहीं किया गया परन्तु इसे पुनः स्थापना के लिए रखा गया है ।

(ङ) दिल्ली नगर निगम ने सूचित किया है कि इसने किसी शौचालय का निर्माण नहीं किया है ।

2563. *[Transferred to the 30th March*, 1989]

Mandays Lost due to Strike and Lockouts

2564. SHRI PRABHAKAR RAO KALVALA: Will the Minister of LABOUR be pleassd to state:

(a) tbe total number of mandays lost